हरिभूमि


# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

06 एसपी की सर्जिकल स्ट्राइक, थानों से हटाए...



07 इलाज के लिए अब किसी को नहीं जाना पड़ेगा...





## खबर संक्षेप

### गौर व्याख्यान माला का आयोजन आज होगा

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के अभिमंच सभागार में 4 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे से राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन के विभिन्न आयाम विषय पर गौर व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है । इस व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान मुंबई के कुलाधिपति प्रो. धीरेंद्र पाल सिंह होंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता करेंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन पर विमर्श एवं प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम के समन्वयक गौर पीठ के निदेशक प्रो. नवीन कानगो एवं योजना एवं संसाधन सृजन के निदेशक प्रो. उमेश कुमार पाटिल हैं।

### क्षतिग्रस्त, जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा निर्देश दिए गए थे कि जिले में कोई भी भवन क्षतिग्रस्त जर्जर नहीं हो इस हेतु तत्काल कार्रवाई करें और जल भराव की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जावे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जावे इसी परिपेक्ष में जिले के अनेक विकासखंडों में कार्रवाई की गई। उन्होंने समस्त जिले वासियों से अपील की है कि उनके क्षेत्र में यदि कोई मकान जर्जर और क्षतिग्रस्त है तो इसकी सूचना संबंधित राजस्व अधिकारी नगर पालिका नगर परिषद नगर निगम एसडीम को तत्काल दें जिससे कि उसे भवन को घराने की कार्रवाई की जा सके और सभी को सुरक्षित रखा जा सके उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाएगा। कलेक्टर के निर्देशों के अनुपालन में नगर परिषद मालथौन, देवरी, जनपद पंचायत बंडा में जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों को गिराने की कार्यवाही की गई।

### दिव्यांगजन को बस किराए में 50 प्रतिशत की छूट

**सागर।** परिवहन विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रदेश में सभी यात्री बस सेवाओं में विभिन्न प्रकार के दिव्यांगजन को 50 प्रतिशत किराया छूट की सुविधा प्रदान की गई है। इस संबंध में समस्त बस संचालकों, विशेष रूप से जिला सागर के संचालकों को सूचित एवं निर्देशित किया गया है कि यात्रा के दौरान यदि कोई दिव्यांग यात्री सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है, तो उसे नियमानुसार 50 प्रतिशत किराया छूट प्रदान करना अनिवार्य होगा। परिवहन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में उक्त निर्देशों की अवहेलना की जाती है या किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित बस पर चालानी कार्यवाही के साथ-साथ परमिट की निलंबन अथवा निरस्ती की कार्यवाही की जा सकती है।

### मृतक के परिजनों को राहत राशि प्रदान की

**सागर ।** कलेक्टर के निर्देश पर जनजातीय कार्य विभाग सागर द्वारा मृतक ओमकार अहिरवार पिता मुलू अहिरवार के हत्या के प्रकरण में परिजनों को राहत राशि उनके बैंक खातों में प्रदान की गई। बता दे कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 (33) के अंतर्गत म.प्र.शासन आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्रालय के नियम 1995 के प्रावधान अंतर्गत, योजना नियम में वर्णित प्रावधान अनुसार भारतीय दंड संहिता की धारा 302 अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(2)(व) के अनुसार जिला स्तरीय राहत स्वीकृति समिति के अनुमोदन अनुसार मृतक ओंमकार अहिरवार की पत्नि भारती अहिरवार को एफआईआर एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर राहत की 50 प्रतिशत राशि चार लाख बारह हजार पाँच सौ रुपए तथा आश्रित पिता मुलू अहिरवार को 25,000 रुपए की राहत राशि प्रदान की गई।

**नवागत कमिश्नर ने विभिन्न प्रभागों का किया निरीक्षण, संबंधितों को समय सीमा में काम के निर्देश**

# ई-फाइलिंग कार्य को दें प्राथमिकता,कार्यालयीन अभिलेखों का करें डिजिटलाइजेशनः नवागत कमिश्नर अनिल सुचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

नवागत कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने आज कमिश्नर सागर संभाग का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात कमिश्नर ने कमिश्नर कार्यालय के विभिन्न प्रभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने प्रभागों के प्रभारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने कमिश्नर राजस्व न्यायालय, विभागीय जांच शाखा, विकास शाखा, नकल शाखा, आरसीएमएस शाखा, रिकॉर्ड रूम, नाजिर कक्ष, मीटिंग हॉल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कमिश्नर कार्यालय के दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन करना सुनिश्चित करें।कमिश्नर ने निर्देश दिए कि कमिश्नर कार्यालय में ई-फाइलिंग कार्य को प्राथमिकता दी जाए तथा सभी प्रभागों में ई-फाइलिंग व्यवस्था को प्रभावीतौर से लागू किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान



अपर कमिश्नर पवन जैन ने नवागत कमिश्नर अनिल सुचारी को कमिश्नर कार्यालय के विभिन्न प्रभागों में पदस्थ अधिकारियों और उनको सौंपे गए दायित्वों के संबंध में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान अपर कमिश्नर पवन जैन, ज्वाइंट कमिश्नर एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### कमिश्नर ने कलेक्टर, एसपी से ली जिले की जानकारी

नवागत कमिश्नर अनिल सुचारी ने कलेक्टर सागर संदीप जी आर एवं पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल से जिले की राजस्व एवं कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। सुचारी ने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन की स्थिति, खाद, उर्वरक, बीज, बुआई, पेयजल के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसी प्रकार उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली पुलिस विभाग में सीएम हेल्पलाइन, लंबित प्रकरणों, नए पुलिस कानून के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण सहित कलेक्टर न्यायालय के प्रकरणों का निराकरण लगातार किया जा रहा है। खाद, बीज, उर्वरक की मांग के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादन आयुक्त की बैठक संपन्न हो चुकी है। इसी प्रकार पेयजल की आपूर्ति भी राजघाट के माध्यम से सागर नगर, मकरोनिया, कैंट में की जा रही है। वर्षा भी जिले में 7 इंच के लगभग हो चुकी है और बुआई का कार्य चल रहा है। यहां मक्का एवं सोयाबीन में 60:40 के अनुपात में बुआई की जा रही है।



### हमारी जिम्मेदारी सिर्फ पौधे लगाना ही नहीं उनका संरक्षण करना भी है : शैलेंद जैन

**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने इस बारिश के मौसम में पर्यावरण संरक्षण के तहत काकागंज वार्ड स्थित मां महलवार देवी प्रांगण में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के साथ पौधारोपण किया और उपस्थित लोगों को वर्ष में 50-50 पौधे अपनी ओर से लगाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विधायक जैन ने कहा कि इस बारिश के मौसम में हमने शहर को पूरी तरह से हरा भरा बनाने का लक्ष्य लिया है। हमें जो भी स्थान पौधारोपण के लिए उपयुक्त लगे उसे पर व्यवस्थित प्रोटोकॉल के तहत पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि आप मुझे बताएं मैं पौधों की व्यवस्था, गड्ढे करने की व्यवस्था करूंगा ताकि वहां पर व्यवस्थित पौधारोपण किया जा सके। उन्होंने कहा कि सिर्फ पौधे लगाना हमारा लक्ष्य नहीं है उन पौधों का संरक्षण करना उनकी जिम्मेदारी लेना उन्हें फलते-फूलते देखना भी हमारा कार्य है जिससे वह पौधे वृक्ष का रुप ले सकें और हमारा प्रयास सार्थक हो सके। आज हम देखते हैं जिस तरह से प्रदूषण बढ़ता जा रहा है विकास के लिए सीमेंट कंक्रीट के जंगल बनते जा रहे हैं हमारे आने वाली पीढ़ी को सरवाइव करने के लिए हमें पौधे लगाने होंगे तभी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बेहतर कार्य हो सकेगा।



### बीआरसी ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण : तहलुका बेहतर, गुड़कला में उपस्थिति निराशाजनक मिली

**रहली।** ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर (बीआरसी) ने आज ब्लॉक के कई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा व्यवस्था और छात्रों की उपस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, तहलुका गांव स्थित शासकीय शाला में शैक्षणिक व्यवस्था और छात्रों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई, जबकि गुड़कला गांव की शाला में छात्रों की उपस्थिति काफी कमजोर मिली, जो चिंता का विषय है। बीआरसी ने बताया कि तहलुका शाला में शिक्षक समय पर उपस्थित थे और शिक्षण कार्य सुचारु रूप से चल रहा था। छात्रों की उपस्थिति भी अच्छी पाई गई और वे पढ़ाई में सक्रिय रूप से भाग ले रहे थे। शाला के शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, गुड़कला शाला में स्थिति बिल्कुल विपरीत पाई गई। निरीक्षण के समय कई छात्र अनुपस्थित थे, जिससे कुल उपस्थिति काफी कम दर्ज की गई। बीआरसी ने इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए शाला प्रबंधन को छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिक्षकों से अभिभावकों के साथ संपर्क स्थापित करने और अनुपस्थिति के कारणों का पता लगाकर उनका समाधान करने को कहा। बीआरसी ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। भविष्य में भी ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और लापरवाह स्कूलों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान एमआरसी दीपेश जैन भी उपस्थित रहे।

## कार्यों का निराकरण समय सीमा में नहीं करने पर 40 से अधिक पंचायत सचिवों पर लगाया गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर के आदेशानुसार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर 44 पंचायत सचिवों पर लगाया जुर्माना। बंडा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिनेका सचिव अमोल सिंह लोधी, ग्राम पंचायत सेमरादात सचिव अनुरूध्द सिंह, ग्राम पंचायत गडर सचिव भूपेन्द्र सिंह, ग्राम पंचायत गनयारी सचिव हरिदास अहिरवार, ग्राम पंचायत नैनधरा सचिव भगवान दास, अंतर्गत ग्राम पंचायत चारौधा सचिव भगवान सिंह लोधी, अंतर्गत ग्राम पंचायत खारमउ सचिव कृष्णा कुमार पटसरिया, अंतर्गत ग्राम पंचायत बरा सचिव प्रकाश मिश्रा, अंतर्गत ग्राम पंचायत हनौता पटकुई सचिव समर सिंह, अंतर्गत ग्राम पंचायत हनौता सहावन सचिव रघ्युराज सिंह, अंतर्गत ग्राम पंचायत नीमोन सचिव राजेन्द्र चौहान, अंतर्गत ग्राम पंचायत पिडरूआ सचिव रामकुमार चौबे, अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलौआ सचिव रामेन्द्र सिंह लोधी, अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपिरिया चैदा सचिव राजेन्द्र तिवारी, अंतर्गत ग्राम पंचायत पढवार सचिव वीर सिंह लोधी, अंतर्गत ग्राम पंचायत चौका भेडा सचिव प्रकाश अहिरवार, अंतर्गत ग्राम पंचायत साजीबंडा सचिव रामकुमार चौबे, अंतर्गत ग्राम पंचायत भेडाखास सचिव सुरेन्द्र सिंह लोधी, अंतर्गत ग्राम पंचायत सिग्रावन सचिव वीरसिंह गौंड, अंतर्गत ग्राम पंचायत बमौरी सागर सचिव रघ्युनाथ सिंह, देवरी अंतर्गत ग्राम पंचायत अंनतपुरा सचिव भरत उपाध्याय, ग्राम पंचायत डोगर सलैया सचिव जयराम पटैल, ग्राम पंचायत नया खेड़ा सचिव दीपक खटीक, ग्राम पंचायत पडरिया बुजुर्ग गुलाब राय, ग्राम पंचायत मडखेरा सचिव लखन लाल लोधी, ग्राम पंचायत धुलतरा सचिव प्रमोद कुमार चौबे, ग्राम पंचायत बेलढाना सचिव वीरेन्द्र सिंह लोधी, ग्राम पंचायत सिमरिया डोभी सचिव सुरेश कुर्मी, केसली अंतर्गत ग्राम पंचायत देहचुआ सचिव घनश्याम यादव, ग्राम पंचायत जनकपुर सचिव खेमवंत सिंह लोधी, ग्राम पंचायत दिलहरि सचिव नारायण सिंह लोधी, ग्राम पंचायत खमरिया सचिव रमेश कुमार दुबे, ग्राम पंचायत तेंदू डाबर सचिव रमाकांत पचौरी, शाहगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत तारपोह सचिव लखन लाल यादव, ग्राम पंचायत महूना सचिव राघ्रवेन्द्र राजपूत, ग्राम पंचायत शासन सचिव राम सजीवन यादव, ग्राम पंचायत उजनेठी सचिव रामस्वरूप अहिरवार, ग्राम पंचायत बरायठा सचिव रवीकांत गोस्वामी,जैसीनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत सागौनी पुरैना सचिव नरेन्द्र सिंह, ग्राम पंचायत मनक्याई सचिव रघ्युराज सिंह, ग्राम पंचायत अंनतपुरा सचिव रहली अंतर्गत ग्राम पंचायत बगासपुरा सचिव रोहन सिंह ठाकुर, ग्राम पंचायत गुडाकला सचिव पुरुषोत्तम पटैल, ग्राम पंचायत कासलपिपरिया सचिव भैयाराम चढ़ार, ग्राम पंचायत चांदपुर सचिव मुन्नालाल बैरागी के द्वारा समय सीमा में आवेदनों का निराकरण न करने हेतु अर्थदंड की कार्यवाही की गई है।

सचिव का यह कार्य लोक सेवा गांरटी अधिनियम 2010 की धारा 7 (क) का उल्लंघन हैं। अतएव सचिव के द्वारा आवेदन को विलंब करने पर दंड स्वरूप 250 रुपए प्रतिदिवस के मान से जुर्माना लगाया गया। साथ ही उक्त जुर्माना राशि को तीन दिन के अंदर जमा करने का आदेश दिया गया।



### आईटीआई सागर में पर्सनालिटी डेवलेपमेंट एवं इंग्लिश स्पोकन प्रशिक्षण का समापन

**सागर।** शासकीय संभागीय आई.टी.आई. सागर में उन्नति फाउंडेशन द्वारा संचालित एक माह का पर्सनालिटी डेवलेपमेंट, इंग्लिश स्पोकन, कंपनी में इंटरव्यू कैसे दें एवं अन्य उपयोगी विषयों पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस प्रशिक्षण का संचालन कु. श्रुति श्रीवास्तव द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को आत्मविश्वास, बेहतर संवाद शैली, इंटरव्यू के दौरान व्यवहार एवं अन्य महत्वपूर्ण कौशलों का अभ्यास कराया। संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी सुनील लडिया ने उन्नति फाउंडेशन के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कोर्स न केवल प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व को निखारते हैं, बल्कि उन्हें बेहतर करियर विकल्पों की ओर भी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी प्लेसमेंट ड्राइव में अधिक से अधिक प्रशिक्षणार्थियों का चयन होगा।

### पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में काउंसलिंग एवं लेटरल एंट्री के लिए पंजीयन शुरू

**सागर।** सहोद्रा राय शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सागर में संचालित तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम के विभिन्न संकायों में संस्था स्तर काउंसलिंग एवं लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रथम चरण के पंजीयन शुरू हो गए हैं। संस्था स्तर काउंसलिंग के माध्यम से प्रथम वर्ष में एवं लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश प्राप्त किया जा सकता है । संस्था स्तर काउंसलिंग के माध्यम से प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अर्हताः 10वीं उत्तीर्ण हैं। इच्छुक विद्यार्थी संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) प्रारंभ हो चुके हैं । पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) के पश्चात प्रवेश हेतु 02 जुलाई से सप्ताह के प्रत्येक सोमवार, बुधवार या शुक्रवार को संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त किया जा सकता है । संस्था स्तर काउंसलिंग के आधार पर प्रवेश प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेज आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र (जो भी लागु हो), समग्र आई डी, आधारकार्ड, दसवीं की अंकसूची, अन्य अंकसूचियां (यदि लागु हो), मूल टी सी , मूल माइग्रेशन हैं। पात्र छात्र छात्राओं को मध्य प्रदेश शासन की समस्त योजनाओं के तहत छात्रवृत्ति का लाभ दिया जायेगा ।

### ज्ञानोदय विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण

**सागर।** अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित तिली क्षेत्र स्थित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल की गई। विद्यालय परिसर में संभागीय उपायुक्त जे पी सरवटे व प्राचार्य महेश कुमार सोनी के अतिथ्य में उच्च माध्यमिक शिक्षक महेन्द्र कुमार लोधी ने अपने 51वें जन्मदिन पर 51 पौधे लगाकर इस दिन को यादगार बनाया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय परिवार नें उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभागीय उपायुक्त सरवटे ने कहा कि "पर्यावरण संरक्षण हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण देने का महत्वपूर्ण कार्य है।



### मारुति सुजुकी गुड़गांव का कैंपस प्लेसमेंट 52 प्रशिक्षणार्थियों का प्राथमिक चयन

**सागर।** शासकीय संभागीय आईटीआई, सागर में आज मारुति सुजुकी गुड़गांव द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 106 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया, जिनका कंपनी प्रतिनिधि श्री मणिलाल पटेल द्वारा लिखित साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया के पश्चात 52 प्रशिक्षणार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में सागर के साथ-साथ पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ एवं दमोह जिलों के प्रशिक्षणार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। ट्रेनिंग और प्लेसमेंट अधिकारी परमानंद सेन ने कंपनी प्रतिनिधि मणिलाल पटेल का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नितिन खरे, हिमांशु साहू, सचिन राही सहित अन्य अधिकारियों की विशेष भूमिका रही।

**कलेक्टर ने किया रामघाट स्कूल का निरीक्षण, अवस्थाएं देखकर दी चेतावनी**

# पाठ्यपुस्तकों का वितरण न होने, कम उपस्थिति और अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

कलेक्टर संदीप जी.आर. ने गुरुवार को प्रातः 11.30 बजे संत रविदास वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय, रामघाट का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा चौथी एवं पाँचवी के छात्र-छात्राओं से संवाद किया और विद्यालय के खुलने-बंद होने की जानकारी ली। साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के समय दो शिक्षक पंकज सिंह एवं मोहन अग्रवाल अनुपस्थित पाए गए। सहायक शिक्षक पंकज सिंह निरीक्षण के दौरान विद्यालय पहुँचे, किंतु उनके व्यवहार में नशे की आशंका के चलते कलेक्टर ने उनका मेडिकल परीक्षण कराने के निर्देश दिए। बीआरसी व अन्य अधिकारियों द्वारा कलेक्टर के निर्देशानुसार निरीक्षण किए जाने पर पाया गया कि कलेक्टर के विद्यालय छोड़ने के पश्चात दोपहर 12.40 बजे सहायक शिक्षक मोहन



अग्रवाल विद्यालय पहुँचे और हस्ताक्षर पंजी में हस्ताक्षर किए। दोनों शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालय में कलेक्टर द्वारा पूर्व बैठकों और निर्देशों के बावजूद निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण नहीं किया गया था, जबकि पुस्तकों का स्टॉक विद्यालय में उपलब्ध था। विद्यालय के अधिकतर छात्र-छात्राएँ यूनिफॉर्म में नहीं थे और उपस्थिति भी अपेक्षाकृत कम पाई गई।कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण में पाया गया कि भोजन न तो निर्धारित मैन्यू के अनुसार था और न ही उसमें पोषण गुणवत्ता थी। पूछताछ पर छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्रतिदिन ऐसा ही भोजन परोसा जाता है। साथ ही, विद्यालय में साफ-सफाई और स्वच्छता की स्थिति भी अत्यंत खराब पाई गई।

### संजीवनी क्लीनिक के डॉक्टर अनुपस्थित, कार्रवाई के निर्देश

निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर ने संत रविदास वार्ड स्थित संजीवनी क्लीनिक का भी निरीक्षण किया, जहाँ मेडिकल ऑफिसर डॉ. महेश मीणा अनुपस्थित पाए गए। स्थानीय नागरिकों ने शिकायत की कि शाम के समय क्लीनिक परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि क्लीनिक के चारों ओर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त, क्लीनिक के पास स्थित नगर निगम का सामुदायिक भवन बंद अवस्था में पाया गया। कलेक्टर ने उसे तत्काल साफ कर खोलने तथा जनसुविधा के लिए उपयोग में लाने के निर्देश दिए।

### सर्पदंश की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं में एंटीवेनम की उपलब्धता के निर्देश

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा मानसून के दौरान सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जिले की समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में एंटीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सागर ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्पदंश की किसी भी स्थिति में मरीज को तुरंत उपचार मिल सके, इसके लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को न्यूनतम तीन माह का एंटीवेनम स्टॉक उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी आपात स्थिति में मरीज को त्वरित उपचार मिल सके और मरीज की जान बचाई जा सके। उन्होंने आमजन से अपील की है कि यदि सर्पदंश की घटना होती है तो बिना समय गंवाए अपने नजदीकी शासकीय अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचें और एंटीवेनम का उपचार लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि झाड़-फूंक, देसी इलाज पर भरोसा करने की बजाय समय पर अस्पताल पहुंचना आवश्यक है, क्योंकि सर्पदंश के बाद का पहला घंटा ₹गोल्डन आवर₹ होता है, जिसमें उपचार मिलने पर मरीज की जान बचने की संभावना सबसे अधिक होती है।उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु में जलभराव के कारण सांप अपने प्राकृतिक आवास से निकलकर बस्तियों की ओर चले आते हैं, जिससे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों, खेतों, नदी किनारे और झुग्गी बस्तियों में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में सावधानी बरतना और समय पर उपचार प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए शेड्यूल जारी

**विदिशा।** एसएटीआई कॉलेज में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक दसवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए कॉलेज स्तर की काउंसलिंग 14 अगस्त तक हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित दिनों में सुबह 10:30 बजे संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। पंजीयन एमपी ऑनलाइन या सीधे कॉलेज में कराया जा सकता है। अभ्यर्थियों को कक्षा दसवीं की अंकसूची, मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, टीसी, माइग्रेशन प्रमाण पत्र आदि के मूल दस्तावेज और इन सभी की दो-दो फोटोकॉपी तथा तीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना होगा।

### बी.लिब. पाठ्यक्रम से छात्रों को मिल रही करियर की नई दिशा

**विदिशा।** पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में करियर संवारने की इच्छुक युवाओं के लिए कुशाभाऊ ठाकरे कॉलेज एक सशक्त मंच बनकर उभरा है। कॉलेज में संचालित बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस (बी.लिब) पाठ्यक्रम से अब छात्रों को नौकरी और करियर के नए अवसर मिल रहे हैं। कॉलेज चेयरमैन रश्मि शरण ने बताया कि यह एक वर्षीय प्रोफेशनल डिग्री कोर्स है। जिसे किसी भी संकाय से स्नातक उपाधि प्राप्त करने के बाद किया जा सकता है। बी.लिब. के बाद छात्र कॉलेज, स्कूल, विश्वविद्यालयों सहित सरकारी एवं निजी संस्थानों में लाइब्रेरियन, सूचना सहायक, डॉक्यूमेंटेशन ऑफिसर, रिकॉर्ड कीपर आदि के पदों पर नियुक्त हो सकते हैं।

### पुलिस मुख्यालय के आदेश को अमल में लाने के लिए लगे मात्र 32 दिन


# एसपी की सर्जिकल स्ट्राइक, थानों से हटाए गए 17 दागदार वर्दीधारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के पुलिस थानो में पदस्थ दागदार वर्दीधारियों पर सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने ऐसे 17 पुलिस अधिकारी व आरक्षकों को पुलिस थानो से हटाकर लाईन अटैच कर दिया है जिनके बिरुद्ध गंभीर आरोपों के चलते विभागीय जांच और एफआईआर तक दर्ज हैं। लेकिन इसके बावजूद यह दागदार बर्दीधारी पुलिस थानों में अपनी सेवाएं दे रहे थे। लेकिन पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी किये गए एक आदेश के 32 दिनों बाद एसपी मंडलोई ने 17 दाग़दार वर्दीधारियों को पुलिस थानो से हटाकर लाईन हाजिर कर दिया है।

पुलिस बिभाग द्वारा बताया गया कि प्रदेश के डीजीपी ने आपराधिक प्रकरण और विभागीय जांच में संलिप्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को थाना, क्राइम ब्रांच एवं कार्यालयों में पदस्थ न किये जाने के निर्देश दिये थे। जिसके संबंध में 17 जून को पुलिस मुख्यालय द्वारा लिखित आदेश भी जारी किया गया था। इसी आदेश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने आदेश जारी कर 17 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को थानों से हटाकर पुलिस लाईन अटैच करने के आदेश जारी कर दिए है। जिनमे जिलेभर के पुलिस थानो में से कोतवाली से 2, देहात थाना से 2, बल्देवगढ़ से 2, बड़ागांव से एक, ज़ेवर चौकी से एक, कुड़ीला से एक, बम्हौरीकलां से एक, मजना से एक, लिधोरा से एक, जतारा से एक, बुढ़ेरा से एक, देरी व बँधा चौकी से एक एक वर्दीधारी को लाईन हाजिर किया गया है।





कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला-टीकमगढ़ (म0प्र0)
E-mail: sp_tikamgarh@mppolice.gov.in ☎ 07683-242350

//आदेश//

पु0मु0 के पत्र कमांक/पुमु/3/कार्मिक/1577/2025 दिनांक-17.06.2025 के द्वारा जिन पुलिस कर्मियों के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण विवेचना अथवा अभियोजन में लंबित हैं (दुर्घटना को छोड़कर) तथा जिन पुलिस कर्मियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार, नैतिक अधोपतन, शारीरिक हिंसा एवं अवैध निरोध संबंधी आरोप पर विभागीय जांच लंबित है, उन्हें पुलिस थानों, काईम ब्रांच अथवा किसी अधिकारी के कार्यालय में कार्य हेतु तैनात नहीं किये जाने बाबत् निर्देशित किया गया है ।

अतः निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों को पु0मु0 के निर्देशानुक्रम में उनके नाम के सम्मुख दर्शित नवीन पदस्थापना स्थान पर अस्थाई रूप से अग्रिम आदेश तक स्थानांतरित कर पदस्थ किया जाता है ।

| क्र. | पदनाम/नाम | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना | विभा0 जांच /अपराध |
|---|---|---|---|---|
| 01 | निरी0 रवि गुप्ता | थाना प्रभारी बल्देवगढ़ | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 02 | उनि0 अमित साहू | थाना देहात | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 03 | उनि0 सुरेन्द्र सिंह | थाना कोतवाली | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 04 | सउनि0 राहित खॉन | थाना बड़ागांव | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 05 | प्र0आर0 281 देवेन्द्र बुन्देला | कोर्ट कार्य | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 06 | प्र0आर0 247 मनोज अहिरवार | थाना देहात | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 07 | प्र0आर0 291 राजेश राय | चौकी जेवर थाना चंदेरा | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 08 | प्र0आर0 355 सुनील बाल्मीक | थाना कुड़ीला | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 09 | प्र0आर0 33 अमर प्रताप सिंह | थाना बम्हौरीकलॉ | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 10 | आर0 367 आशीष मिश्रा | चौकी मंजना | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 11 | आर0 554 अरविन्द नामदेव | थाना लिधौरा | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 12 | आर0 618 सूरज राजपूत | थाना जतारा | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 13 | आर0 541 अनिल पचौरी | थाना बुडेरा | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 14 | आर 479 भुवनेश्वर अग्निहोत्री | थाना कोतवाली | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 15 | आर0 151 सलमान खॉन | चौकी देरी थाना खरगापुर | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | विभागीय जॉच |
| 16 | आर0 332 अनुज शाक्य | थाना बल्देवगढ़ | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | अपराध |
| 17 | आर0 456 सुन्दर अहिरवार | चौकी बंधा थाना मोहनगढ़ | पुलिस लाईन टीकमगढ़ | अपराध |

(मनोहर सिंह मंडलोई)

एसपी मंडलोई द्वारा 3 जुलाई को जारी किये गए लिखित आदेश के मुताबिक जिन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को लाईन भेजा गया है उनमें बल्देवगढ़ थाना प्रभारी रवि गुप्ता, देहात थाना उप निरीक्षक अमित साहू, थाना कोतवाली उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, थाना बड़ागांव सहायक उप निरीक्षक राहत खान, कोर्ट कार्य प्रधान आरक्षक देवेन्द्र बुन्देला, थाना देहात प्रधान आरक्षक मनोज अहिरवार, चौकी जेवर प्रधान आरक्षक राजेश राय, थाना कुड़ीला प्रधान आरक्षक सुनील बाल्मीक, थाना बम्हौरीकलां प्रधान आरक्षक अमर प्रताप सिंह, चौकी मजना आरक्षक आशीष मिश्रा, थाना लिधौरा आरक्षक अरविन्द नामदेव, थाना जतारा आरक्षक सूरज राजपूत, थाना बुड़ेरा आरक्षक अनिल पचैरी, थाना कोतवाली आरक्षक भुवनेश्वर अग्निहोत्री, चौकी देरी आरक्षक सलमान खान, थाना बल्देवगढ़ आरक्षक अनुज शाक्य और चौकी बंधा आरक्षक सुन्दर अहिरवार के नाम शामिल है। इन सभी को पदस्थापित थानों से हटाकर पुलिस लाईन पदस्थ किया गया है।

### आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश के बाद हुई कार्रवाई

पुलिस मुख्यालय से 17 जून को जारी किये गए आदेश में सख्त निर्देश देते हुए कहा गया था कि आपराधिक प्रकरण एवं विभागीय जॉच में संलिप्त अधिकारियों की थानों में पदस्थापना के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी के बाद भी उक्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा है। इसलिए उक्त संबंध में पुनः निर्देश दिए जा रहे हैं कि जिन पुलिसकर्मियो के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण विवेचना अथवा अभियोजन के मामले लंबित है तथा जिन पुलिस कर्मियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार, नैतिक अधोपतन, शारीरिक हिंसा एवं अवैध निरोध संबंधी आरोपों पर विभागीय जॉच लंबित है। ऐसे पुलिकर्मियों को पुलिस थानों, क्राईम ब्रांच अथवा किसी अधिकारी के कार्यालय में तैनात न किया जाए। साथ ही भविष्य में भी उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन किये जाने के निर्देश दिए गए। हालांकि जिन पुलिकर्मियों के बिरुद्ध दुर्घटना संबंधी प्रकरण चल रहे हैं, उन्हें इस आदेश के पालन से छूट है।

### पुलिस ने की दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई

# पानी निकासी विवाद को लेकर जमकर चले लट्ठ व लात-घूसे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

वारिश के मौसम में अतिक्रमण के चलते पानी की समुचित निकासी न हो पाने की बजह से जलभराव की बिकट समस्या ख़डी हो जाती हैं जो आपसी बिबाद के दौरान घातक लड़ाई का रूप ले लेती हैं। ऐसे ही एक पारिवारिक विवाद को लेकर हुई मारपीट का वीडियो ज़ब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस ने तत्काल मारपीट करने बालो के बिरुद्ध कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की।

देहात थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत धजरई में बुधवार शाम को पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। और यह विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में हरिदास कुम्हार के अनुसार उनके भतीजे छोटू कुम्हार से वीरन कुम्हार और भागीरथ कुम्हार द्वारा पानी निकासी को लेकर विवाद किया जा रहा था। जब हरिदास ने बीच-बचाव की कोशिश की तो वीरन और भागीरथ ने गालियां देनी शुरू कर दीं। विवाद बढ़ने पर वीरन ने हरिदास के सिर पर डंडा मार दिया, जिससे खून निकलने लगा। भागीरथ ने भी लात-घूंसों से मारपीट की।

जब छोटू कुम्हार और अनिकेत कुम्हार हरिदास को बचाने आए, तो वीरन और भागीरथ ने उन पर भी डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों के हाथ-पैर में चोटें आईं। देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत यादव ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। हरिदास की शिकायत पर वीरन और भागीरथ के खिलाफ, तथा वीरन और भागीरथ की शिकायत पर हरिदास, छोटू और अनिकेत के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### आज निकलेगी इस्कॉन मंदिर द्वारा आयोजित जगन्नाथ यात्रा

# प्रभु भ्रमण व भक्ति का दिखाई देगा अद्भुत संगमः महेन्द्र द्विवेदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

बिगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में तीसरी बार 4 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली जाएगी ' रथ में भगवान जगन्नाथ, बलदेव व सुभद्रा जी विराजमान होकर निकलेंगे और भक्तों को दर्शन व आशीर्वाद देंगे ' यह यात्रा प्रतिवर्ष इस्कॉन मंदिर उज्जैन के मार्गदर्शन में निकाली जाती है। रथ श्री विग्रह उज्जैन मंदिर से ही आते है । रथ में भगवान जगन्नाथ, बलदेव महाराज और सुभद्रा महारानी जी के लगभग तीन-तीन फीट ऊंचे श्री विग्रह विराजित रहेंगे। उक्त जानकारी आयोजन समिति के सदस्य महेंद्र द्विवेदी ने दी है। समिति सदस्य द्विवेदी ने बताया कि रथयात्रा के दौरान प्रभु भ्रमण व भक्ति का दिखाई देगा अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस रथ यात्रा में सभी भक्तों को भगवान के रथ की रस्सी खींचने का सौभाग्य प्राप्त होगा। रथ यात्रा का नगर में जगह-जगह भक्तों के द्वारा स्वागत किया जाएगा। भगवान की आरती की जाएगी और भगवान को विभिन्न प्रकार के भोग प्रसाद भक्तों के द्वारा लगाए जाएंगे। समिति सदस्य द्विवेदी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा शहर के ब्राह्मण कॉलोनी स्थित जागेश्वर धाम मंदिर से दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगी। भगवान अपने रथ में विराजमान होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री नजरबाग मंदिर में पहुंचेंगे। वहां पर संकीर्तन के साथ 56 भोग का प्रसाद और महा आरती की जाएगी ' आयोजन समिति ने समस्त भक्तों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में अपने परिवार सहित भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले।



### दर्शन कर घर लौट रहे भक्तों से भरी पिकअप वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**एक ही परिवार के डेढ़ दर्जन लोग हुए घायल, 5 बच्चे भी शामिल**

**टीकमगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र में बगाज माता मंदिर से लौट रहे पिकअप वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक ही परिवार के डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए। इन घायलो में 5 बच्चे भी शामिल हैं। उक्त वाहन में दमोह जिले के पटेरा थाना क्षेत्र के तीर्थ यात्री सवार थे। ये सभी बगाज माता मंदिर में दर्शन करने के बाद अपने गांव खुडई वापस लौट रहे थे। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि घटना में पांच बच्चे घायल हुए हैं। जिनमे तीन बच्चों की उम्र 14-15 साल है, जबकि दो बच्चे दो से तीन साल के हैं। इसके अलावा 5 महिलाओं और पांच पुरुषों को चोट लगी है। हालांकि कोई भी गंभीर हालत में नहीं है। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में घायल राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि बुधवार को परिवार के सभी लोग पिकअप से बगाज माता मंदिर दर्शन करने आए थे। आज सुबह करीब 10 बजे अपने गांव वापस लौट रहे थे। क्रॉसिंग के दौरान टीकमगढ़ सागर हाईवे परगुदनवारा गांव के पास वाहन पलट गया। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि घटना में राजेश विश्वकर्मा, तनुष्का विश्वकर्मा, हर्षिता विश्वकर्मा, रजनी, रूपेश, समीर, शांति, मालती सहित अन्य लोक घायल हैं। सभी घायलों को 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

### बिजली पानी समस्या के चलते लोगों ने लगाया खाली बर्तनों को रखकर जाम

# एक घंटे तक ठप्प रहा झांसी हाइवे मार्ग, पुलिस को आया पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

बिजली और पानी जैसी मूलभुत सुबिधाये भी न मिल पाने की स्थिति में जिले के दिगौड़ा थाना अंतर्गत ग्राम बम्होरी की महिलाओ ने सड़क पर खाली बर्तन रखकर झांसी हाईवे पर जाम लगा दिया। मातृशक्ति के उक्त प्रदर्शन के चलते एक घंटे तक झाँसी हाईवे पर यातायात पूरी तरह से ठप्प रहा। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दिगौड़ा थाना पुलिस ने कड़ी मशक्क़त करते हुए ग्रामीणों को आश्वासन देकर समझाया तब कही उक्त जाम खुल पाया। हालाँकि इस दौरान स्थिति सामान्य करने में दिगौड़ा पुलिस ने पसीना छोड़ दिया।

ग्राम बम्होरी में सुबह करीब साढ़े 7 बजे महिलाओ ने बिजली पानी की समस्याओ को लेकर हाइवे पर जाम लगा दिया था। टब उक्त सूचना मिलते ही दिगौड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और



उनकी समस्याओं को सुना। अधिकारियों ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। करीब एक घंटे के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और जाम खुलवाया। इसके बाद हाईवे पर यातायात सामान्य हो गया। बम्होरी ग्राम निवासी भुवन अहिरवार, रेखा अहिरवार, जशोदा आदि ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली नहीं मिल रही है। बिजली नहीं होने से ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं। जिससे पानी की समस्या खड़ी हो गई है। पिछले करीब 8 से 10 दिनों से लगातार बिजली और पानी की समस्या बनी हुई है।

ज़ब विद्युत बिभाग के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर बदलने के लिए आवेदन दिया गया तो उन्होंने भी समस्या का समाधान नहीं किया। इसलिए मजबूरीबश मोहल्ले वालों के साथ सड़क पर धरना देकर बैठना पड़ा। बही दिगौड़ा थाना प्रभारी संदीप सोनी ने बताया कि महिलाओं और ग्रामीणों को समझाकर जाम हटा दिया गया है। साथ ही ग्रामीणों की समस्या का शीघ्र समाधान किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। जिससे जाम संबंधी पुनः स्थिति निर्मित न होने पाए।

### बिजली न आने से उमस में रहने को मजबूर लोग

# बिजली कटौती बनी बड़ागांव नगर वासियों के लिए नासूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

जिले के बड़ागांव धसान नगर व क्षेत्र भर में बेतहासा रूप में की जा रही बिजली कटौती अब लोगो के लिए नासूर बनती जा रही है। क्योंकि कुछ घंटो के अंतराल में लगातार बिजली कटौती होना तो नगर व क्षेत्रवासियो के लिए अब आम समस्या हो गईं है लेकिन पिछले 24 घंटे से गई बिजली की बजह से उमस में रहने को मजबूर लोग अब बिजली बिभाग को कोस रहे हैं। बिजली न होने से लोग दिन में तो जैसे तैसे समय निकाल लेते हैं लेकिन अब राते भी खुली आँखे रखकर जागते हुए निकालनी पड़ रही हैं। बड़ागांब नगर वासियो ने बताया कि बिगत बुधवार की रात लोगों ने बिजली न होने से जागकर काटी। जिससे अगले दिन के सभी कार्य प्रभावित हो रहे। बड़गांव में पिछले 24 घंटे से बिजली गुल होने से जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। इस परिस्थिति में बिजली बिभाग को लेकर नगर व क्षेत्रवासियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बड़ागांव नगर वासियों ने बताया कि बुधवार शाम 7 बजे बिजली चली गई थी जो रात भर नहीं आई और दूसरे दिन गुरुवार को भी बिजली कटौती बनी रहने से लोगों ने पूरी रात गर्मी व उमस में जागकर काटी। साथ ही मच्छरों ने भी लोगो को खूब काटा। जिससे लोग रात में सो नहीं पाए।

उक्त संबंध में ज़ब विद्युत विभाग से संपर्क किया गया तो उन्होने बताया कि विद्युत लाइनों में तकनीकी खराबी आ गई है जिसका पता लगाया जा रहा है। उक्त जवाब पर नगर वासियों ने कहा कि सभी संसाधन होने के बावजूद भी पिछले 24 घंटों में अगर तकनीकी खराबी का पता नहीं लगाया जा सका तो फिर ऐसे संसाधनों का औचित्य क्या है। साथ ही नगरवासियो ने आरोप लगाते हुए कहा कि बारिश के पूर्व मेंटेनेन्स के नाम पर बिजली बिभाग द्वारा जो कार्य किया जाता है, उसका क्या औचित्य है। क्योंकि मेंटेनेन्स कार्य किये जाने के बाबजूद भी तकनीकी खराबी और बिजली कटौती तो होती ही है।

### अधिकारियों व जनप्रतिनियों ने किए पौधरोपण

# हरियाली के शहर अमृत हरित का उद्देश्यः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शासन द्वारा चलाये जा रहे अमृत हरित महाभियान के अंतर्गत कलेक्टर विवेक श्रोतिय के द्वारा शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल ढोंगा रोड में वृहद वृक्षारोपण किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदोरिया, पार्षद पूनम जयसवाल, जसवंत वाल्मीकि , अजय यादव, पार्षद प्रतिनिधि संजू झा, फरीद खान, सन्नी सोनी सहित नगर पालिका परिषद उपयंत्री अजय दीक्षित, सामुदायिक संगठक दीपिका शर्मा, आयुषी सोनी, स्कूल प्राचार्य स्वर्णा जैन एवं अन्य शिक्षको और स्कूल में उपस्थित सभी छात्राओ द्वारा वृक्षारोपण में सहभागिता की गई।

इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने अमृत हरित महाभियान के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस महाभियान का मुख्य उद्देश्य अपने अपने शहर को हरियाली से सजाना है। जिससे शहर में हरियाली से लहलहाते पौधे व बृक्षो की संख्या बढ़ाते हुए पर्यावरण का संतुलन बनाया जा सके। इसी दौरान कलेक्टर श्रोतिय के निर्देशन में अमृत हरित महा अभियान के अंतर्गत महेंद्र सागर तालाब के पास सागर बायपास रोड पर भी वृहद वृक्षारोपण किया गया। जहाँ बताया गया कि अमृत हरित महाभियान का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा



देना है। यह अभियान शहरी क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी और घटती हरियाली की समस्या का समाधान करने के लिए शुरू किया गया है।

अमृत हरित महाभियान, नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा शुरू की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हरियाली को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही, यह अभियान पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को भी गति देगा। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाता है और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करता है। अधिक पेड़ लगाने से शहरों में गर्मी कम होगी और लोगों को राहत मिलेगी। हरा-भरा शहर न केवल पर्यावरण के लिए अच्छा है, बल्कि देखने में भी सुंदर लगता है।

### तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव का हुआ समापन

# नव प्रवेशितों को मार्गदर्शन देकर अनुभव किए गए साझा



**पलेरा।** नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को लेकर विद्यालयों में चल रहे तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान शिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए उनके साथ शैक्षिणिक अनुभव साझा किए गए। प्रथम दिवस नव प्रवेशित छात्रों के लिए प्राचार्य डॉ आर एन पाल की अध्यक्षता में सरस्वती पूजन के साथ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम मे नगर के विशिष्ठ अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक राकेश दीक्षित एवं भूतपूर्ब छात्र जतिन सोनी, नितेन्द्र मिश्रा ने नव प्रवेशित छात्रों को मार्गदर्शन दिया। साथ ही महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक व अतिथि विद्वानो ने नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के साथ शैक्षिणिक अनुभव साझा किए। और उनको उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। प्राचार्य डॉ पाल द्वारा महाविद्यालय की व्यबस्था व अनुशासन संबंधी जानकारी दी गयी । द्वतीय दिवस दीक्षारम्भ समारोह के अंतर्गत प्राचार्य डॉ आर एन पाल प्रारंभ कर एन एस एस के छात्र छात्राओं एवं कार्यक्रम द्वारा छात्रों को जानकारी दी। साथ ही छात्र छात्राओं को महाविद्यालय का भ्रमण कराया गया । अंतिम तृतीय दिवस पर माँ सरस्वती के पूजन के साथ प्रारंभ किया गया। जिसमें विज्ञान संकाय के छात्रों को उपकरण एवं प्रयोगशाला की जानकारी दी गयी । नवप्रवेशित छात्र छात्राओं को पुस्तकालय व कीड़ा अधिकारी द्वारा खेलो के विषय पर बताया। इसी के साथ कर्यक्रम में प्राचार्य व शिक्षकों द्वारा बच्चो के मनोवल को एक नई ऊर्जा प्रदान की गई । अंत में दीक्षारम्भ समारोह कर्यक्रम के सहभागी अभिभावकों व छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया ।

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण, इसी वर्ष शुरू करने के दिए निर्देश

# इलाज के लिए अब किसी को नहीं जाना पड़ेगा राजस्थान: नरेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अब श्योपुर वासियों को इलाज के लिए राजस्थान जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी बल्कि राजस्थान के लोग इलाज कराने के लिए यहां आएंगे। ऐसी व्यवस्था श्योपुर मेडिकल कॉलेज में होने वाली है। यह बात विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को नागदा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। वह एक दिवसीय प्रवास पर श्योपुर पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने कई कार्यक्रमों में भागीदारी की।

अपने संसदीय कार्यकाल में मेडिकल कॉलेज की सुविधा दिलाने वाले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को श्योपुर पहुंचकर सबसे पहले नागदा में बन रहे मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर अर्पित वर्मा सहित मेडिकल कॉलेज के अफसर को मेडिकल कॉलेज इसी वर्ष और अतिशीघ्र चालू करने के निर्देश देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ में जो भी अड़चन आ रही है वह मुझे बताएं मैं उसे दूर करवाऊंगा लेकिन मेडिकल कॉलेज इसी साल चालू होना चाहिए। बाद में उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ के लिए कुछ फैकेल्टी की कमी है उसे दूर कर लिया गया है। साथ ही अस्पताल की बेड क्षमता को बढ़ाकर 435 कर दिया गया है, जिससे लोगों को इलाज के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज में वह सभी विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद होंगे जिसकी जरूर इलाज के लिए होती है उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अब वह दिन नहीं रहे जब श्योपुर के लोगों को इलाज के लिए कोटा ,सवाई माधोपुर और बारां जैसे राजस्थान के शहरों में जाना पड़ेगा मेडिकल कॉलेज में वह सब सुविधा और इलाज मिलेगा जिसके लिए श्योपुर वासी तो राजस्थान की ओर रुख करेंगे ही नहीं साथ ही राजस्थान के लोग भी इलाज कराने के लिए श्योपुर आएंगे।



### डीन की कुर्सी पर बैठ विस सुप्रीमों ने ली बैठक

मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने मेडिकल कॉलेज कब शुरू होगा और शुरू होने में क्या-क्या अड़चन आ रही हैं इसकी जानकारी कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं मेडिकल कॉलेज के प्रबंधन से ली। इस दौरान उन्होंने डीन की सीट पर बैठकर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से विस्तृत चर्चा की।

### एनएचएआई के सवाल को टाल गए तोमर

पत्रकारों ने जब विधानसभा अध्यक्ष से सवाल किया कि एनएचएआई हाईवे 552 निर्माण में घटिया तकनीक का उपयोग कर रही है शहर में इस घटिया निर्माण का विरोध भाजपा के सभी नेता और खुद कलेक्टर तक ने सड़क पर उतरकर इस घटिया निर्माण का विरोध किया है लेकिन एनएचएआई के ठेकेदार किसी की नहीं सुन रहे हैं। इस सवाल को विधानसभा अध्यक्ष ने बड़ी सफाई से टालते हुए कहा कि आप 15 से 20 साल पहले का श्योपुर देखो और आज का श्योपुर देखो। पहले शहर में ही धूल उड़ा करती थी आज गांव तक पहुंचने के लिए सड़क मुहैया कराई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास में विकास का पहिया श्योपुर जिले में जितनी तेज गति से दोड़ा है उतनी उम्मीद भी किसी को नहीं थी।

### फोरलेन सडक निर्माण के लिए हस्तांतरित करवाई जाए रेलवे की जमीन



श्योपुर।श्योपुर दौरे पर आए विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने दो सूत्रीय मांगो से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर मंडल अध्यक्ष मंगल ने उल्लेख किया है कि पुराने रेलवे स्टेशन से नए रेलवे स्टेशन फोर लेन सडक का निर्माण होना जरूरी है। इससे शहरवासियों का नए रेलवे स्टेशन पर पहुंचना आसान होगा,बल्कि ये सडक शहर के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसलिए 5.5 किलोमीटर के इस फोरलेन सडक निर्माण के लिए अतिशीघ्र रेलवे की जमीन को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करवाई जाए। इसके साथही मुख्यमंत्री संबल योजना 2.0 में तकनीकी समस्या के कारण बंद पडे डीएम पोर्टल को भी शीघ्र शुरू करवाया जाए।

## कराहल के आचार वाला सहराना में हुई चोरी की वारदात

# परिवार गया नरवर माता के दर्शन करने, पीछे से चोर घर का ताला तोड़कर समेट ले गए लाखों का माल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कराहल कस्बे के आचार वाला सहराना स्थित एक मकान में बीती रात को चोरी हो गई। परिवार के सभी लोग घर का ताला लगाकर शिवपुरी जिले में मौजूद नरवर माता मंदिर पर दर्शन करने के लिए गए थे। पीछे से चोर घर का ताला तोडकर ढाई लाख रूपए नकदी और जेवर समेट कर फरार हो गए। चोरी की इस वारदात का पता परिवार के लोगों के नरवर से लौटने पर चला। चोरों का फिलहाल कोई अता पता नहीं है,लेकिन कराहल थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक कराहल में मोबाइल की दुकान का संचालन करने वाले रवि राठौर का मकान अचार वाले सहराना में बना है। एक दो जुलाई की रात्रि को यह मकान सूना था। क्योंकि परिवार के सारे लोग एक जुलाई को घर का ताला लगाकर शिवपुरी जिले में स्थित नरवर माता मंदिर पर दर्शन करने के लिए गए थे। उनके जाने के बाद सूने हुए मकान का चोरों ने रात्रि के दौरान ताला चटका दिया और कमरे के अंदर रखी अलमारी का ताला तोडकर उसके अंदर से ढाई लाख रूपए नकदी, दो सोने की अंगूठी, एक जोडी चांदी का पायजेल आदि जेवरों को समेट कर ले गए। दो जुलाई की शाम को जब परिवार के लोग वापस घर लौटे,तब उन्हें घर में हुई चोरी का पता चला। उन्हें घर के ताले टूटे और घर के अंदर अलमारी का सामान बिखरा हुआ मिला। जिसके बाद उन्होने तत्काल कराहल थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद कराहल थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और फिर चोरी की एफआईआर दर्ज कर चोरो की पतारसी शुरू कर दी है।

**तलाश शुरू कर दी है**

फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं है। लेकिन हमने चोरी की एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही चोरों का पता लगाकर इस चोरी को ट्रेस कर लिया जाएगा।

भारत सिंह गुर्जर
टीआई कराहल

## साइबर ठग के जाल में महिला ऐसी फंसी कि वह जेवर लेकर घर से भाग गई

# साइबर ठग के झांसे में महिला आई, पुलिस ने ठगी का शिकार होने से बचाई

**काम आई आवदा थाना पुलिस की सक्रियता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



तीन बच्चों की मां बन चुकी एक महिला साइबर ठग के झांसे में ऐसी आई कि वह उसे अपने सपनों का राजकुमार समझकर उससे मिलने के लिए जेवर लेकर घर से भाग गई। लेकिन समय रहते परिजनों ने महिला के घर से गायब हो जाने की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद तत्काल हरकत में आई पुलिस ने चार घंटे की पडताल के दौरान महिला को श्योपुर के बस स्टैंड से उस समय पकड ठगी का शिकार होने से बचा लिया, जब वह ठग के बताए अनुसार ग्वालियर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। पुलिस ने महिला को इस तरह की ठगी आए दिन होने के बारे में बताते हुए उसे पूछताछ के बाद परिवार के लोगों के सुपुर्द कर दिया। यह पूरा मामला आवदा थाना क्षेत्र का है।

आवदा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि हमारे ही थाना क्षेत्र निवासी एक महिला जो कि तीन बच्चो की मां है के पास सात दिन पहले किसी साइबर ठग का फोन आया,जिसने महिला को अपनी मीठी बातो में फंसा लिया कि वह विदेश में रहता है, और तुमसे शादी करना चाहता है क्योंकि तुम गांव में बहुत परेशान रहती हो। शादी के बाद वह उसे विदेश ले जाकर अच्छे से रखेगा। इस दौरान उसने महिला को ग्वालियर तक बुलाने की बात कहते हुए बताया कि विदेशी रूपए भारत में नहीं चलते है,इसलिए वह उसके खाते में 50 हजार रूपए डलवा दें। जिससे वह उसे लेने के लिए ग्वालियर आ जाएगा और फिर दोनो विदेश में आकर शादी करके मजे से रहेगे। महिला ने भी साइबर ठग को अपने सपनों का राजकुमार मानते हुए उसके साथ विदेश जाने की ठान ली और फिर बुधवार को अपने घर से किसी को कुछ बताए बिना यह सोचकर अपना जेवर लेकर श्योपुर के लिए रवाना हो गई कि श्योपुर में इन जेवरो को बेचकर 50 हजार रूपए ठग के खाते में डलवा दूंगी और फिर बस पकडकर ग्वालियर चली जाउगी। इधर परिवार के लोगो ने घर पर महिला के काफी देर तक नहीं दिखने पर तत्काल आवदा थाना पहुंचकर पुलिस को महिला के अचानक घर से लापता हो जाने की बात बताई। दोपहर एक बजे के करीब मिली इस सूचना के बाद पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई और उसने साइबर सेल टीम की मदद से महिला के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करते हुए उसे शाम 5 बजे के आसपास श्योपुर के बस स्टैंड से उस समय पकड लिया,जब वह ग्वालियर जाने वाली बस का इंतजार कर रही थी। पुलिस ने महिला को श्योपुर के बस स्टैंड से दस्तयाब किया और फिर थाने ले जाकर उससे पूछताछ कर पूरे मामले की असलियत जानी और फोन करने वाले व्यक्ति को साइबर ठग बताते हुए इस तरह फोन के जरिए किसी के झांसे में न आने की समझाइस दी।

**इनका कहना..**

वाकई घर वाले सूचना देने में देर कर देते तो महिला न सिर्फ ठगी का शिकार हो जाती,बल्कि ग्वालियर पहुंचने के बाद उसे ढूंढने में भी दिक्कत होती। महिला और उसके परिजनों को इस तरह के फोन कॉल से सचेत रहने और उनके झांसे में न आने की समझाइस देकर घर भेज दिया।

राहुल रघुवंशी
थाना प्रभारी, आवदा

## श्रीरामजानकी मंदिर और जतीघाट पर सात दिन तक बहेगी भक्ति की बयार

# शहर में कलश यात्रा के साथ दो स्थानों पर श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के किला स्थित श्रीरामजानकी मंदिर और मधुवन वाटिका जतीघाट पर अब सात दिनों तक भक्ति की बयार बहेगी। क्योंकि इन दोनों स्थानां पर विधिवत कलश यात्रा निकाले जाने के बाद गुरूवार से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। श्रीरामजानकी मंदिर पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा के लिए गुरूवार की सुबह कलश यात्रा शहर के टोडी गणेश मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ आरंभ हुई। कलश यात्रा के दौरान श्रीरामजानकी मंदिर के महंत रामभरोस महाराज विशेष रूप से शामिल थे। गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल श्रीरामजानकी मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई,जहां विधिवत देव पूजन उपरांत वृंदावनधाम से पधारे कथा व्यास आचार्य पं बृजभूषण महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का मंगलाचरण आरंभ किया। कथा के मुख्य यजमान रामअवतार पाठक ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा के साथही यहां श्री राम महायज्ञ का आयोजन तथा श्री 108 लड्डू गोपाल जी महाराज का महाभिषेक कार्यक्रम भी आयोजित होगा। 10 जुलाई को विधिवत पूर्णाहुति और भंडारे के साथ इसका समापन किया जाएगा।





### कथा श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते हैं: कौशिक

शहर के जतीघाट स्थित मधुवन वाटिका में गुरूपूर्णिमा महोत्सव के तहत गुरूवार को श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन आरंभ हुआ। जिसकी शुरूआत कलश यात्रा निकाले जाने के साथ हुई। कलश यात्रा श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर से गाजेबाजे के साथ रवाना हुई। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए जतीघाट पर पहुंची,जहां कथा व्यास आचार्य पं महेन्द्र कौशिक मांगरोल वालों ने भागवत कथा का मंगलाचरण आरंभ किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं, अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मो का उदय भी होता है। मधुवन सेवा आश्रम समिति ने बताया कि भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। 10 जुलाई को भंडारे के साथ इस भागवत कथा समापन किया जाएगा।

# अचानक सीने में उठे दर्द से 27 वर्षीय युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर में नगरपालिका के पीछे रहने वाले 27 वर्षीय सौरभ गौड़ की गुरुवार सुबह करीब 10 बजे मौत हो गई। सौरभ दो दिन पहले ही बेंगलुरु से श्योपुर लौटा था। वह वहां ठेकेदारी का काम करता था और छुट्टियों में घर आया हुआ था। सुबह करीब 10 बजे सौरभ को सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। परिजन उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सौरभ की अचानक मौत की खबर सुनते ही पड़ौस में शोक छा गया। परिचित, रिश्तेदार और पड़ोसी उनके घर पहुंचने लगे।

# विजयपुर में एसडीएम ने खाद की तीन दुकानें की सील्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा द्वारा कृषि विभाग की टीम के साथ विजयपुर में खाद की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण कर कमियां पाये जाने की स्थिति में तीन दुकानों को सील्ड करने की कार्यवाही की गई है।
कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर किए गए इस आकस्मिक निरीक्षण के दौरान तीन दुकानों पर भाव सूची, फर्म का बोर्ड नही पाये जाने एवं पीओएस मशीन बंद मिलने पर उन्हें सील्ड किया गया है। इन फर्मो में किसान बीज भण्डार विजयपुर, राजाराम खाद भण्डार विजयपुर एवं रामभजन चिंरोजीलाल विजयपुर शामिल है। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार टीएस लकडा, एसएडीओ विष्णु राठौर आदि उपस्थित रहे।

# हज सुविधा ऐप हाजियों का सबसे अच्छा साथी

**हज से लौटे यात्रियों का सम्मान समारोह आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



भारत सरकार और केंद्रीय हज कमेटी के अथक प्रयासों से अब हज यात्रा पहले की तरह मुश्किल नहीं रही बल्कि बहुत आसान हो गई है। भारत सरकार द्वारा जो हज ऐप लॉन्च किया है उससे हाजियों को मक्का मदीना में 40 दिनों के सफ़र में बेहद मदद मिली। यह बात बुधवार को जमातखाना परिसर में हाजी वाजिद अली की ओर से हज यात्रियों के सम्मान में आयोजित पार्टी में हज पर यात्रा के अनुभव साझा करते हुए हाजियों ने बताई। इस दौरान खादिमुल हुज्जाज काजी जका उल्लाह कुरैशी एवं हज ट्रेनर सैयद अली असगर ने हज ऐप को हज यात्रियों का सबसे अच्छा साथी बताया।

हज यात्रा 2025 से लोटे सभी हाजियों के सम्मान में हाजी वाजिद अली दावत दी। दावत में पहुंचे हाजियों का पहले हाजी वाजिद अली ने माला पहनकर स्वागत किया बाद में वक्फ़ इंतजामिया कमेटी ने हाजी और हज्जनों (महिला हाजी) का इस्तकबाल किया। इस दौरान कमेटी के सदर इंसाफ कुरैशी ने हाजियों को इमामा (ओढ़ने वाली साफी) और हज्जनों को शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान समाजसेवी मोहम्मद चीनी कुरैशी, जामा मस्जिद जमातखाना के इमाम हाफिज बिलाल मोहम्मद, मुअज्जिन वहदत हसन सैनिया आदि मौजूद रहे।

## लैपटॉप प्रोत्साहन योजना में श्योपुर के 1103 विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

# आज भोपाल में होगा लैपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम,श्योपुर के दो विद्यार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल के माध्यम से आयोजित सत्र 2024-25, कक्षा 12 वीं की परीक्षा में 75 एवं उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को इस वर्ष भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि दी जा रही है। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत इस वर्ष श्योपुर जिले के 1103 छात्र छात्राए चयनित किए गए है। जिन्हें लैपटॉप खरीदने के लिए शासन की ओर से 25-25 हजार रूपए की राशि प्रदाय की जाएगी।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय श्योपुर से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश स्तरीय लैपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम शुक्रवार, चार जुलाई को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में आयोजित किया जाएगा। जिसमें श्योपुर जिले सहित प्रदेश के 55 जिलों से 2-2 विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में भागीदारी के लिए बुलाया गया है। जिसके चलते श्योपुर जिले से भी दो विद्यार्थी अपने स्कूल के शिक्षकों के साथ भोपाल के लिए रवाना हो गए है।



### श्योपुर के ये दो विद्यार्थी भोपाल के लिए रवाना

प्रदेश स्तरीय लैपटॉप वितरण कार्यक्रम में श्योपुर जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढोढर के दो विद्यार्थी शामिल होंगे। जिनके नाम छात्रा सोनम रावत और छात्र विमलेन्द्र राजपूत है। बताया गया है कि ढोढर स्कूल प्राचार्य राजेन्द्र रावत और इसी विद्यालय की शिक्षिका रंजना रावत गुरूवार को दोनो विद्यार्थियों के साथ ढोढर से भोपाल के लिए रवाना हो गए है।

### गत वर्ष 688, इस वर्ष 1103 विद्यार्थियों का हुआ चयन

प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत इस साल श्योपुर जिले के चयनित विद्यार्थियों की संख्या पिछले साल की तुलना में बढी है। शिक्षा विभाग के आकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष कक्षा 12 वीं के 688 विद्यार्थियों को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लैपटॉप के लिए राशि मिली है। जबकि इस बार जिले के 1103 विद्यार्थी इस योजना के तहत लैपटॉप की राशि पाने के लिए चयनित किए गए है। इनका चयन इसलिए हुआ है,क्योकि इन विद्यार्थियों के द्वारा कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में इस बार 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल किए हैं। इस साल प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी इजाफा हुआ है।

**इनका कहना...**

इस साल जिले के 1103 विद्यार्थियों का चयन लैपटॉप के लिए किया गया है। चार जुलाई शुक्रवार को प्रदेश स्तरीय लैपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम भोपाल में आयोजित होगा। जिसमें में शाउमावि ढोढर के दो विद्यार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में जिला स्तरीय कार्यक्रम सीएम राईज स्कूल में सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा।

एमएल गर्ग
डीईओ, श्योपुर

# दलित युवक की मारपीट करने वाले आरोपी को छह माह का सश्रम कारावास,एक हजार रुपए का जुर्माना

**श्योपुर।** दलित युवक के साथ जातीय अपमान करते हुए मारपीट करने संबंधी तीन साल पुराने मामले में श्योपुर न्यायालय ने अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी को छह माह का सश्रम कारावास और एक हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि 30 दिसंबर 2022 को फरियादी ने जब आरोपी से अपनी उधारी के पैसे मांगे तो आरोपी जातीय अपमान करते हुए फरियादी की मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान फरियादी युवक के सिर से खून निकल आया। इस मामले में अजाक थाना पुलिस ने आरोपी इरफान पुत्र अब्दुल मजीद अली निवासी सोंईकलां के खिलाफ मारपीट और दलित उत्पीडन की धाराओं में केस दर्ज कर श्योपुर न्यायालय में चालान पेश किया। विशेष न्यायालय एट्रोसिटीज ने विचारण के दौरान आरोपी इरफान को दोषी मानते हुए सजा सुना दी।

## खबर संक्षेप



### डॉक्टर्स डे पर रामबाबू तिवारी सम्मानित

**बीना।** जिझौतिया ब्राह्मण समाज के लोगों ने डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर रामबाबू तिवारी एवं डॉक्टर अमितेष तिवारी को किया सम्मानित। समाज के लोगों ने उनके क्लीनिक पर पहुंचकर शाल, श्रीफल एवं पुष्प माला भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पंडित हरदयाल गोस्वामी ने कहा कि डॉक्टर तिवारी निरंतर मानव सेवा में लगे हुए हैं। सम्मान करने वालों में पंडित दिनेश पाठक, सुधीर रिछारिया, राजीव रिछारिया, पंडित रमाकांत बिलगैया, पंडित देव बबेले, देवकीनंदन रिछारिया, संजय तिवारी, बंटी चौबे, बृजेंद्र दुबे, शिवेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

### बीना रिफाइनरी मना रहा स्वच्छता पखवाड़ा

**बीना।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत बीपीसीएल बीना रिफाइनरी द्वारा आस-पास के क्षेत्रों में 1 जुलाई से 15 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे है। ग्राम पार, बिल्धई बुजुर्ग एवं बेरखेडी टांडा, मूडरी, आगासौद, देहरी, हड़कलखाती, किरोंद, पटकुई, डीएवी बीना रिफाइनरी, एवं रिफाइनरी में लगभग 2000 लोगों को शपथ दिलाई गई कि हम अपने गांव व अन्य स्थानों को स्वच्छ एवं सुंदर रखेंगें। न हम गंदगी फैलाएंगे और न ही किसी को फैलाने देंगे। इसके अलावा ग्राम पार, हडकलखाती, आगासौद चक्क तथा बेरखेडी टॉडा में हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 150 लोगों का प्राथमिक उपचार किया गया।

### ज2956 मेधावी छात्रों को आज मिलेंगे लैपटॉप

**शिवपुरी।** प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत जिले के 2956 विद्यार्थियों को शुक्रवार को लैपटॉप के लिए 25000 की राशि मिलेगी। लैपटॉप वितरण का राज्य स्तरीय समारोह भोपाल में आयोजित किया जा रहा है जहां मुख्यमंत्री मोहन यादव के वन क्लिक पर लैपटॉप की राशि जिले के 2956 छात्रों के खातों में पहुंच जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव का कहना है कि कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के निर्देशन में लैपटॉप राशि के वितरण का जिला स्तरीय समारोह शहर के मानस भवन में शुक्रवार की सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। प्रभारी मंत्रियों को भी हिस्सा लेने के निर्देश प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए हैं। मानस भवन में लैपटॉप वितरण समारोह का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा।

### ट्रेन में चढ़ती महिला के हाथ से निकाली चूड़ी

**ललितपुर।** ट्रेन में चढ़ते समय एक महिला के हाथ में से एक महिला ने चांदी की चूड़ी निकाल ली। जब महिला ने इसका विरोध किया तो अन्य महिलाओं ने उसके साथ गाली गलौज की। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुट गयी है। बताया गया है कि थाना जाखलौन के ग्राम बम्हौरी पठार निवासी रामकुंवर यादव बुधवार को धौर्रा स्टेशन से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी में चढ़ रही थी, इसी दौरान एक महिला ने उसके हाथ में पहनी हुई चांदी की चूड़ी निकाल ली, जब उसने विरोध किया तो, उस महिला के साथ सवार अन्य महिलाओं ने गाली गलौज कर धमकी दी। पीडित महिला ने चूढ़ी निकालने वाली महिलाओं पर कार्रवाई की मांग की है।

### कलश यात्रा के साथ आज से भागवत कथा

**बीना।** वीरसावरकर वार्ड स्थित पावर हाउस के पास शुक्रवार से कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू होगी। जिसका समापन्न 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा महोत्सव के साथ होगा। कथा आयोजन से पूर्व कथा वाचक साध्वी मां सविता देवी ने गुरूवार को पत्रकार वार्ता कर आयोजन की जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने बताया कि हमें भागवत कथा के माध्यम से ही ज्ञात होता है। सनातन धर्म का जो नियम है उसका पालन करना चाहिए। हम हिंदू कहलवाना चाहते हैं किंतु उसका पालन करना जरूरी है।

---

घर के बड़े पुत्र की मौत से परिवार गमगीन, आर्थिक मदद की मांग

# हाईटेंशन विद्युत लाइन पर करंट की चपेट में आने से लाइनमैन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाली-ललितपुर

मंगलवार की रात बालाबेहट फीडर में पेट्रोलपंप के पास 11केवी विधुत लाइन पर काम करते समय लाइनमैन की करंट की चपेट में आने से उसकी दुःखित मौत हो गयी। मौत के बाद लापरवाही ही सामने आ रही कि विधुत पोल पर काम करते समय लाइनमैन को शटडाउन लेना था अगर लाइनमेन ने शटडाउन लिया तो फिर गलती कहां हुयी यह भी बड़ा जांच का विषय है। थाना बालाबेहट अंतर्गत ग्राम मुडारी निवासी राकेश विश्वकर्मा विधुत विभाग में संविदा निविदा कर्मचारी है और पाली बिजली घर से संचालित बालाबेहट फीडर पर बतौर लाइनमैन तैनात है। मंगलवार की रात्रि बालाबेहट फीडर की 11 केवी लाइन को सुधारते समय अचानक वह करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह झुलस कर पोल से नीचे जा गिरा। जिसे बड़ी नाजुक स्थिति में एम्बुलेंस से बिरधा सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी मुताबिक मृतक लाइनमैन राकेश विश्वकर्मा बीते करीब दस वर्षों से बिजली विभाग में लाइनमैन के रूप में कार्यरत था। मृतक परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है, घर में बड़ा होने के चलते राकेश के कंधों पर पिता के इलाज से लेकर परिवार की बड़ी जिम्मेदारी थी। अचानक मंगलवार की रात्रि घर में ऐसी अमंगल खबर आयी कि परिवार में मातम मच गया। बुधवार को मृतक का शव जब आपने घर पहुंचा तो परिवार में मातम मच गया। मृतक की मां एवं पत्नी का रो- रो कर बड़ा बुरा हाल था लोग किसी तरह उन्हें समझाने में लगे थे। मृतक लाइनमैन के साथियों ने बताया कि राकेश बड़ा ही मिलनसार व कुशल लाइनमैन था। मृतक के शादीशुदा है एवं उसके दो नाबालिग पुत्र है साथ वह अपने चार भाइयों में सबसे बड़ा था। परिवार की माली हालत देख ग्रामीणों का कहना है कि मृतक के परिवार को बड़ी आर्थिक मदद मिलनी चाहिए।

### संविदा लाइनमैन के कंधों पर बढ़ गया बोझ




बिजली घर से कुछ संविदाकर्मियों की छुट्टी कर दी गयी है, जिसके चलते काम कर रहे लाइनमैन के कंधों पर बड़ा बोझ बढ़ गया। समय कोई भी है सूचना मिलते ही लाइनमैन अपने कदम बढ़ाकर कार्य में जुट जाते है। ऐसे ही कुछ कर्मचारी दुखी मन और दबी जुबान से बताते है कि ग्रामीण क्षेत्र के एक फीडर पर केवल एक ही लाइनमैन अपनी ड्यूटी कर रहा है, जिससे समस्या और बड़ी हो जाती है।

### करंट लगने से महिला की मौत, खेत जाते में पंखे से लगा करंट



बुधवार की सुबह करंट लगने से एक महिला किसान की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम सतगाता निवासी 60 वर्षीय लक्ष्मी बाई पत्नी बृजभान बुधवार की सुबह खेत पर बीज की बुबाई करने के लिए घर से निकली थी, जब वह बरामदे में पहुंची ही थी कि टेबिल पर रखे पंखे से उसे करंट लग गया, जिसके चलते वह गिर पड़ी, पंखा उसका ऊपर गिर गया, जिसके चलते करंट लगने से वह झुलस गई, परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज ले गए ,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुत्र मां का शव देखकर बेहोश हो गया। परिजनों ने बताया कि मृतक के तीन पुत्र व एक पुत्री है वह खेती किसानी कर परिवार का पालन पोषण कर रही थी।

---

सीहोर पुलिस पर उठे सवाल

## आदिवासी महिला का अपहरण कर किया शोषण, लूटपाट भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



करैरा अनुविभाग के सीहोर थाना क्षेत्र के ग्राम बहगवा में एक आदिवासी महिला के साथ अपहरण, शारीरिक शोषण और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़िता का पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि बृजेश जाटव और वीर सिंह रावत ने मिलकर महिला का अपहरण कियाए उसे बंधक बनाया। शारीरिक शोषण किया, और उसके जेवरात व नकदी लूट लिए। इसके साथ ही आरोपियों ने महिला को बेचने की कोशिश की और जान से मारने की धमकियां दी। महिला ने बताया कि वह कई वर्षों से अपने पति से अलग रहकर श्रीपाल जाटव के साथ ग्राम बहगवा में सुख.शांति से रह रही थी।

14 जून को वह अपने मायके जा रही थी। तभी रास्ते में बृजेश जाटव ने उसे भ्रमित कर मोटरसाइकिल पर बैठाया और वीर सिंह रावत के घर ले गया। वहां उसे बंधक बनाकर जातिगत अपमान, शारीरिक शोषण और जान से मारने की धमकियां दी गईं। आरोपियों ने उसे कई दिनों तक बंधक रखा और बाद में झांसी और बरुआ सागर ले गए। जहां उसे बेचने का असफल प्रयास किया गया। आरोपियों ने उसका मंगलसूत्र, कानों के कुंडल और 6000 रुपये लूट लिए जिन्हें एक सराफा दुकान पर बेच दिया गया। 23 जून को आरोपियों ने उसे गांव के बाहर छोड़ दिया और उसका मोबाइल फोन व सिम तोड़कर धमकी दी कि शिकायत करने पर उसे और उसके परिवार को जान से मार देंगे। घर पहुंचकर महिला ने श्रीपाल जाटव को घटना बताई और सीहोर थाने में शिकायत दर्ज कराने गई। लेकिन पुलिस ने न तो, दर्ज की और न ही कोई कार्रवाई की। उलटा, उसे डांटकर भगा दिया गया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

**इनका कहना है**

हमारे यहाँ थाने आये थे और बोलने लगे कि घटना नरवर की है तो वह नरवर चले गये थे लेकिन अगर हमारे यहाँ का अब बता रहे है तो दिखवा लेते है।

**विवेक यादव** थाना प्रभारी सीहोर

---

पहलुओं की मौके पर समीक्षा की

## प्रस्तावित रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजना का किया निरीक्षण



**ललितपुर।** बुढवार रोड पर स्थित सिद्धन मंदिर के समीप प्रस्तावित रेलवे ट्रैक दोहरीकरण कार्य के संबंध में एक संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में एसडीएम मनीष कुमार ललितपुर, टीआई आलोक तिवारी, राजस्व लेखपाल और रेलवे विभाग के इंजीनियर शामिल थे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रस्तावित दोहरीकरण कार्य के लिए स्थल का मूल्यांकन करना और निर्माण चरण के दौरान आवश्यक डायवर्जन मार्ग को अंतिम रूप देना था। परियोजना के कार्यान्वयन और संभावित प्रभावों से संबंधित सभी पहलुओं की मौके पर ही गहन समीक्षा की गई। स्थानीय प्रशासन और रेलवे अधिकारियों के इस सहयोगात्मक प्रयास का लक्ष्य रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजना का सुचारु क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, जिससे क्षेत्र में रेलवे कनेक्टिविटी और दक्षता बढ़ने की उम्मीद है। परियोजना की समय-सीमा और विशिष्ट डायवर्जन योजनाओं से संबंधित आगे के विवरण अंतिम रूप दिए जाने के बाद घोषित किए जाएंगे।

## दबंगों ने पूर्व नपा अध्यक्ष के भाई सहित 3 लोगों के साथ की मारपीट, जांच शुरू

**ललितपुर।** पेट्रोल पंप पर जबरन सामान रखने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष के भाई के पेट्रोल पंप पर उत्पात मचाते हुए छोटे भाई, चचेरे भाई सहित तीन लोगों की जमकर मारपीट की। जिससे वह लोग घायल हो गए, इस मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपी सहित अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुभाष जायसवाल के चचेरे भाई लक्ष्मीपुरा निवासी 42 वर्ष संजय जायसवाल स्व. वीरेन्द्र जायसवाल का चौकाबाग में मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप है, मंगलवार की रात 9:30 बजे संजय जायवाल के पेट्रोल पंप पर नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुभाष जायसवाल के छोटे भाई संजीव जायसवाल पुत्र राजेन्द्र जायसवाल पेट्रोल पंप पर गए हुए थे, तभी मोहल्ला चौकाबाग निवासी कुछ युवक पेट्रोल पंप पर आए और जबरन सामान रखने लगे। जब संजीव जायसवाल ने बिना अनुमति के सामान रखने से मना किया तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए कुछ अज्ञात साथियों को बुला लिया और लाठी डंडों से हमला कर दिया। बचाने पहुंचे संजीव जायसवाल के साथ भी मारपीट की गई। इसी दौरान कर्मचारी रवि रजक बचाने के लिए पहुंचा, तो हमलावरों ने उसकी भी मारपीट कर दी। इस मारपीट में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सूचना पर पुलिस ने आरोपियों का मेडीकल परीक्षण कराया, इस मामले में पुलिस ने आरोपी रोहित पटेल सहित अन्य आरोपियों पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

-चार लोग जबरन बैठा ले गए थे कार में, लगाते रहे बेहोशी का

## छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद 23 जून से लापता किशोरी ट्रेन में घायल मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली सदर में दो युवकों के विरुद्ध छेडख़ानी करने का मामला दर्ज कराने के बाद 23 जून को शाम को घर लौटते समय लापता हुई 14 वर्षीय किशोरी 30 जून की रात को गंभीर घायल अवस्था में इंदौर से जबलपुर जा रही पेसैंजर ट्रेन 22191 के जनरल कोच में लहुलूहान मिलने के बाद उसे मध्यप्रदेश के सुजालपुर स्टेशन पर पुलिस द्वारा उतारा गया था। सूचना मिलने पर मंगलवार को पहुंची ललितपुर पुलिस पीडिता को ललितपुर ले आयी। इसके बाद पीडिता का मेडीकल परीक्षण कराया गया। पीडिता ने अज्ञात लोगों पर उसका अपहरण कर नशीले इंजेक्शन लगाने के आरोप लगाए हैं।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। कोतवाली सदर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी 14 वर्षीय किशोरी ने बुधवार को आपबीती सुनाते हुए बताया कि आठ महीने से मोहल्ले के निवासी सूरज व सोनू द्वारा उसे परेशान किया जा रहा था। जिसकी शिकायत करने के लिए वह 23 जून को कोतवाली सदर में पहुंची थी, पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज कर मेडीकल परीक्षण कराया। इसके बाद वह रात 9 बजे के दम्यान टैक्सी में सवार होकर रेलवे स्टेशन चौराहे पर पहुंची, पैदल घर के लिए जा रही थी, तभी रास्ते में चार लोगों ने उसे जबरन जीप में बैठा लिया और कुछ सुंघाकर बेहोश कर दिया। दो दिन उसे अपने पास रखा, जब उसे होश आता था, तो उसे इंजेक्शन लगा देते थे। उसे होश आया तो पता चला कि वह रानी कमलापति स्टेशन के पास है, कुछ लोग उसे मारने व बेचने की बात कह रहे थे। वह किसी प्रकार उनके चंगुल से भाग निकली। वह कमलापति स्टेशन से ट्रेन में बैठकर मथुरा पहुंची, इसके बाद वह वहां दो दिन रूकी, ललितपुर जाने के लिए वह ट्रेन से आ रही थी। लेकिन वह इंदौर पहुंच गई। वह भोजन की होटल तलाश रही थी। तभी रास्ते में वही लोग मिल गए और उन्होंने उसे बेहोश कर दिया। उसे बाद में होश आया, तो वह ट्रेन में थी, उसके शरीर में गभीर चोटें थीं। तभी ट्रेन में किसी ने उसकी मदद की और पिता को सूचना दी। इसके बाद पिता उसे लेने पहुंचे। इधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाए दूसरी पत्नी पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टपरियन में दूसरी पत्नी के साथ रह रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वहीं परिजनों ने पत्नी सहित उसके परिजनों पर जहरीला पदार्थ देकर मार देने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम रनगांव निवासी 32 वर्षीय सरदार पुत्र शंकर का अपनी पत्नी से डेढ़ साल पहले संबंध विच्छेद हो गया था। जिसके बाद से वह अकेला रहने लगा था। जिसके बाद वह सात साल पहले कोतवाली महरौनी के ग्राम टपरियन में अपने दो बच्चो के साथ रहने वाली एक महिला के साथ रहने लगा था। मंगलवार को शाम वह अपने काम से लौट कर आया और अपने कमरे में चला गया। कमरे में उसकी हालत बिगडऩे पर उसकी परिजनों ने उसे इलाज के लिए शानदार स्वास्थ्य केंद्र महरौनी में भर्ती कराया। जहां थोड़ी देर चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। इस दौरान मृतक की पुत्री रानी ने फोन पर मृतक के परिजनों को उसकी खराब तबियत होने की जानकारी दी थी और जब तक वह अस्पताल आए तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस मामले में यह जानकारी मृतक के सगे भाई राजेश का आरोप है कि मृतक की पत्नी ममता और उसके परिजनों ने उसके भाई को कोई जहरीला पदार्थ खिलाकर उसकी हत्या कर दी है।

सपा मुखिया का जन्मदिन

## लोहिया वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष ने अस्पताल में किया रक्तदान



ललितपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर समाजवादी लोहिया वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष आकिब मंसूरी के नेतृत्व में जिला अस्पताल में सपा नेताओं ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया। साथ ही मरीजों एवं उनके तीमारदारों को फल वितरित किए गए। इस दौरान आकिब मंसूरी ने स्वयं रक्तदान कर सपा नेताओं को प्रेरित किया। जिसके बाद हरिसिह यादव, राजेश झां, गौरव विश्वकर्मा, राजीव यादव, अनवर खान, अरशद मंसूरी, आकिब मंसूरी, अभिषेक यादव ने रक्तदान कर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिए दीर्घायु की कामना की।

## शासकीय महाविद्यालय में प्रवेशोत्सव के अंतर्गत दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित



**दिनारा।** सत्र 2025-26 के प्रवेश उत्सव के अंतर्गत श्री भगवत सिंह यादव शासकीय महाविद्यालय दिनारा में दीक्षांत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डा प्रीति गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें महाविद्यालय की गरिमा बनाए रखने एवं अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें भविष्य की शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पदस्थ डॉ दीपिका सिंह कुशवाहा ,पूनम सोनी, डॉ राजीव मिश्रा चंद्रशेखर सिंह, शिवम साहू सौरभ यादव शिवम दुबे हेमंत सहित कर्मचारी एवं नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में उत्साह का संचार किया और उन्हें महाविद्यालयीन जीवन के प्रति प्रेरित किया।

## चिन्हित दिव्यांग बच्चों को बांटे गए उपकरणः शिवानी यादव



दिनारा। करेरा बीआरसी कार्यालय करैरा में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी यादव के मुख्य आतिथ्य में चिन्हित दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किए गए। शिविर का आयोजन बीआरसीसी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा केंद्र के आदेशानुसार बीआरसी कार्यालय करैरा में 3 जुलाई को किया गया। शिवानी यादव के द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर का पूजन-अर्चन कर किया गया। कार्यक्रम में 27 चिन्हित दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रकार के उपकरण बांटे गए, जिनमें दृष्टिहीन बच्चों को 2 ब्रेल किट, 1 सुगम्य केन, श्रवणबाधित छात्रों को 24 श्रवण यंत्र, अस्थिबाधित छात्रों को 3 ट्रायसिकल, 4 व्हीलचेयर, 2 रोलेटर, 6 कैलीपर, और मानसिक रूप से अक्षम बच्चों को 4 टीएलएम किट वितरित की गईं। संचालन बीएसी महेश लोधी ने किया। मुख्य अतिथि शिवानी यादव ने बच्चों को रोली-अक्षत से तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर उपकरण वितरित किए। वरिष्ठ भाजपा नेता शिव सिंह यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में एलिमको टीम जबलपुर का भरपूर सहयोग रहा।

गर्ल्स कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

## विद्यार्थी जीवन आपके कॅरियर की नींव अपना भविष्य उज्जवल बनाना है: उमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के अंतिम दिवस पर प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने कहा कि आप सभी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह आपका स्वर्णिम समय है आप इसका सदुपयोग करें। प्रभारी डॉक्टर उमा लवानिया ने कॉलेज की समस्त शैक्षणिक एवं शैक्षेणेत्तर गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन आपके कॅरियर की नींव है। अपनी नींव को मजबूत बनाकर अपना भविष्य उज्जवल बनाना है। डॉक्टर कृतिका रत्नाकर ने अंग्रेजी विभाग की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम परीक्षा आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा एवं सीसीई संबंधी जानकारी से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों की समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर डॉक्टर दिनेश राय समाजशास्त्र विभाग डॉक्टर विशाल मिश्रा ने अर्थशास्त्र विषय, पाठ्यक्रम एवं समय सारणी की जानकारी दी। डॉक्टर दीपमाला सिंह ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि कॉलेज में अनुशासन में रहकर कार्य करना है। नीता नामदेव, डॉक्टर हरिशंकर सेन, अरुण उपाध्याय, नवीन नामदेव, वरिष्ठ छात्रा नंदिनी मुडोतिया कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

## पड़ेरिया ने छात्र जीवन से लेकर वर्तमान तक अनुभव साझा किए



पिछोर। शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर में प्राचार्य डॉ.केशव सिंह जाटव के निर्देशन में 1 जुलाई 2025 को दीक्षारंभ समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका समापन आज तृतीय दिवस को किया गया। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष अमित पड़ेरिया उपस्थित रहे। उन्होंने अपने छात्र जीवन से लेकर वर्तमान तक के अनुभव छात्रों के बीच साझा किए तथा समस्त छात्र-छात्राओं को बताया कि शिक्षा छात्र जीवन हेतु अनिवार्य है तथा समस्त छात्रों को शिक्षा के लिए निरंतर महाविद्यालय आने को प्रेरित किया। एनएसएस के प्रभारी प्रो नरसिंह भिड़े ने छात्र-छात्राओं को उक्त दिवस को मनाने के उद्धेश्य के बारे में जानकारी दी। राजेंद्र हिमोरिया ने उक्त कार्यक्रम के बारे में और प्रवेश संबंधित व सुविधाओं के बारे में अवगत कराया एवं महाविद्यालय में चल रही एनसीसीएएनएसएस, छात्रवृति, गांव की बेटी जैसी योजना तथा शासन द्वारा चल रहे इको क्लब, भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे कार्यक्रम की जानकारी दी। तत्पश्चात डॉ बबिता बाथम ने एनसीसी के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप राजपूत और आभार डॉ सुनीता पटेल ने किया। इस अवसर पर प्रवेश प्रभारी शिवतीर्थ चतुर्वेदी, डॉ बाबूलाल कुम्हारे, डॉ आशोतोष श्रीवास्तव, डॉ दर्शना राठौर, डॉ सुनीता पटेल, डॉ पूनम वैष्णव डॉ गिरीश नीखरा के अलावा समस्त स्टाफ व अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।